# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## विष्वविद्यालय में 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम

पन्तनगर। 21 जून 2025। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर पंतनगर विष्वविद्यालय में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के माननीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री एवं सैनिक कल्याण मंत्री श्री गणेश जोशी थे। उन्होंने विष्वविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा ऊधमसिंह नगर जनपद से पधारे नागरिकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में योग को जीवन की अनिवार्य आवश्यकता बताते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में संतुलन आता है, जिससे व्यक्ति न केवल स्वयं को बल्कि समाज और राष्ट्र को भी सशक्त बना सकता है।

विष्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने कृषि मंत्री का स्वागत करते हुए योग से वैज्ञानिक लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि यही योग हमें संपूर्ण विकास की ओर ले जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ऊधमसिंह नगर और पंतनगर विष्वविद्यालय योग, कृषि और तकनीकी नवाचारों के क्षेत्र में निरंतर योगदान देते रहेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारत न केवल 'योगगुरु' के रूप में, बल्कि वर्ष 2047 तक 'विष्वगुरु' के रूप में स्थापित होगा। योग, युवाओं को स्वस्थ, सशक्त और सकारात्मक बनाते हुए विकसित भारत के निर्माण का आधार बनेगा।

इस अवसर पर विष्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, रुद्रपुर के विधायक श्री शिव अरोड़ा, विष्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। योग विषेषज्ञ सुश्री राजेष्वरी पोखरिया द्वारा योगासन, प्राणायाम आदि योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया।



